পানসে (पानुशे) वि—ফিকা फीका, स्वादहीन।

পানা सं—पानीमें तैरनेवाला पौधा; शरबत (মিছরির—); तुल्य, सा (চাঁদ—মুখ)।

পানি सं—जल, पानी। —বসন্ত, পানবসন্ত (-अ) सं—জলবসন্ত छोटी चेचक। —ফল, পানফল सं—सिंघाड़ा। [वस्तु।

পানীয় (-अ) वि—पीने योग्य। सं—पेय

পানে क्रि वि—প্রতি ओर, तरफ।

পান্তা सं—पानीसे भिगोया हुआ बासी भात।

পান্থ (पान्थ -अ) सं—পথিক राहगीर। —নিবাস, —শালা सं—धर्मशाला, चट्टी, सराय।

পান্না सं—पन्ना, मरकत।

পাপ सं—पाप, गुनाह; विपत्ति, बला (—বিদায় করা); पापी। —গ্রহ सं—अशुभ ग्रह।

পাপঘ্ন (-अ) वि—पापनाशक। —বুদ্ধি सं बुरी अक्ल। वि—बुरी अक्ल वाला।

পাপড়ি सं—ফুলের দল पंखड़ी।

পাঁপর सं—पापड़।

পাপিয়া सं—पपीहा।

পাপোশ सं—पैरकी धूल पोंछनेके लिए दरवाजे पर रखा हुआ बिछावन।

পাব सं—গাঁট गाँठ, पर्व, दो गाँठोंके बीचका हिस्सा (আঙুলের—, বাঁশের—)।

পাবক वि, सं—पवित्र करनेवाला; अग्नि।

পাবদা (पाब्दा) सं—एक छोटी पतली मछली। [स्त्री—পাবনী।

পাবন वि—पवित्र करनेवाला। सं—शोधन।

পামর वि, सं—पापी, अधम; नीच आदमी (আ-)। स्त्री—পামরী। [यंत्र।

পাম্প सं—पंप, कुएं आदिसे जल उठानेका

পায়খানা सं—पैखाना, शौचालय।

পায়চারি सं—হাঁটা टहलना।

পায়জামা सं—ইজার पाजामा।

পাঁয়তারা सं—पतरा; कामके पहले घमंड।

পায়দল क्रि वि—হাঁটিয়া, পদব্রজে पैदल।

পায়পায় क्रि वि—প্রতিপদে कदम कदम पर।

পায়রা सं—পারাবত কবুতর कबूतर।

পায়স सं—পায়েস, পরমান্ন खीर।

পায়া सं—पाया, पावा, खंभा। —ভারি सं—उच्च पदके कारण घमंड।

পায়ু सं—मलद्वार।

পায়েস सं—खीर।

পার सं—नदी आदिका दूसरा किनारा (পারে যাওয়া); उत्तरण, पार होना, उद्धार; प्रांत, तीर (এ—, ও—);

পারক वि—समर्थ।

পারক্য (-अ) वि—পরকীয় पराया, पारलौकिक।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

পারগ वि—पार जानेवाला, समर्थ, निपुण।

পারণ, পারণ सं—उपवासके दूसरे दिन किया जानेवाला पहला भोजन।

পারতন্ত্র (-अ) सं—परतंत्रता, अधीनता।

পারতপক্ষে क्रि वि—পারিলে, সম্ভব হইলে हो सके तो, संभव हो तो।

পারত্রিক वि—पारलौकिक।

পারদ सं—পারা पारा।

পারদর্শী वि—दक्ष, निपुण; दूरदर्शी, परिणाम देखनेवाला; बुद्धिमान। পারদর্শিতা सं—बुद्धिमानी।

পারমার্থিক वि—मोक्ष सम्बन्धी।

পারম্পর্য (-अ) सं—ধারাবাহিকতা लगातार होनेका भाव, सिलसिला।

পারলৌকিক वि परलोक सम्बन्धी।

পারশে (पाशँ) सं—एक छोटी मछली।

পারসী (पार्शी) सं—ফারসী फारसी; पारसी।

পারসীক वि—फारस देश सम्बन्धी। सं—फारस देशका निवासी। পারস্য (-अ) सं—फारस देश।

পারা सं—পারদ पारा।

পারা वि—सदृश, तुल्य, सा (পাগল—)

পারা (क्रि परि ३)—सकना, समर्थ होना, बाधाहीन या अनुमति-प्राप्त होना (যাইতে পারে, সে এখন যাইতে পারে)। [पार होना।

পারান (-नो), পারানো (क्रि परि १०)—

পারানি सं—पार होनेका महसूल।

পারাপার सं—दोनों किनारे, एक किनारेसे दूसरे किनारे गमन; समुद्र।

পারাবত सं—পায়রা कबूतर।

পারাবার सं—समुद्र, दोनों तीर।

পারায়ণ सं—पुराण आदिका विधि-पूर्वक सम्पूर्ण पाठ।

পারিতোষিক सं—বকশিশ इनाम।

পরিপাট্য (-अ) सं—शृंखला, सजावट।

পারিপার্শ্বিক वि चारों ओरका।

পারিভাষিক वि—परिभाषा सम्बन्धी।

পারিষদ सं—सदस्य, राजसभाके लोग, अनुचर।

পারুল सं—एक सुगंधित फूल।

পারুষ্য (-अ) सं—वचनकी कठोरता।

পার্থক্য (-अ) सं—पृथकता, भेद।

পার্থিব (-अ) वि—पृथ्वी सम्बन्धी, इस लोकका (—দেহ, —সুখ)।

পার্বণ सं—उत्सव, त्योहार, अमावस्या आदि पर्वमें किया जानेवाला श्राद्ध। পার্বণী सं—त्योहारका इनाम, त्योहारी।

পার্বত্য (-अ) वि—पर्वतीय, पहाड़का, पर्वतमय, (—প্রদেশ); पर्वतमें रहने या उत्पन्न होनेवाला (—জাতি, —তরুলতা)।

পার্শ্ব (पार्श-अ) सं—পাশ बगल, दिशा। —চর सं—सहचर; मुसाहब। —পরিবর্তন सं—পাশ ফেরা करवट लेना या बदलना।

পার্ষদ सं—পারিষদ।

পাল सं—पालक (প্রদেশ—); एक उपाधि; समूह, दल, झुंड (গরুর—); नाव चलानेका पाल; चंदवा, शामियाना।

পালং, পালঙ, পালম सं—पालकका साग।

পালক वि—पालन करनेवाला। सं—पर, डैना।

পালকি सं—শিবিকা पालकी।

পালঙ্ক, পালং, (-ङ) सं—পর্যঙ্ক पलंग।

পালট सं—उलटाव, पलटाव।

পালটা वि—उलटा, दूसरे पक्षके द्वारा किया हुआ (—জবাব, —নালিশ)।

পালটান (-नो), পালটানো (क्रि परि १६)—उलटना, पलटना, लौटाना, बदलना।

পালটি (पालटि) सं—जिसके साथ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विवाहका सम्बन्ध किया जा सके (—ঘর)।
পালন सं—পোষণ रक्षण पालन, परवरिश।
পালনীয় (-अ) वि—पालने योग्य। পালয়িতা सं—पालनेवाला। स्त्री—পালয়িত্রী।
পাল-পার্বণ सं—पालने योग्य पावण या त्योहार।
পালা सं—छोटी डाली (ডাল—); बारी, पारी। (—করিয়া কাজ করা, এইবার আমার—); संगीत कीतन या अभिनयका विषय (কংশবধের—); तुषार पाला, हिम।
পালা (क्रि परि २)—पालना, पालन करना।
পালান सं—जीन, काठी; গরুর স্তন गायका थन।
পালান (-नो), পালানো (क्रि परि १०)—পলায়ন করা भाग जाना, चम्पत होना।
পালি, (-ली) सं—রাশি ढेर, कतार, श्रेणी, अन्नकी एक नाप; पाली भाषा।
পালিত वि—পোষা पाला हुआ। सं—एक उपाधि। स्त्री—পালিতা।
পালিশ सं—पालिश, चिकनाहट।
পালো सं—सिंघाड़ा आदिका मैदा, बार्ली।
পালোয়ান सं—মল্ল पहलवान।
পাল্য (-अ) वि=পালনীয়।
পাল্লা सं—किवाड़ (দরজার—); पलड़ा (দাঁড়ি—); बटखरा; होड़ (—দেওয়া); दूरी, फासला (দূর—); वश, फेर (তুমি তার পাল্লায় পড়েছ)।
পাশ स—দড়ি रस्सी, बंधन, गुच्छा; पास, बगल। পাশাপাশি क्रि वि—पास-पास। वि—सटा हुआ।
পাঁশ सं—ছাই राख, कूड़ा (ছাই—)।
পাঁশুটে वि—পাংশুবর্ণ खाकी।
পাশব वि—पशु-सम्बन्धी; पशु-सा।
পাশবিক वि—पशु-तुल्य, पशुका।
পাশা सं—चौपड़, चौसर; पाँसा।
পাশী वि, सं—फंदावाला, बहेलिया।
পাশ্চাত্ত্য (-अ) वि—पश्चिम देश सम्बन्धी, यूरोपका (—সভ্যতা); पीछेका।
পাষণ্ড (-अ), পাষণ্ডী वि सं—अधार्मिक, नास्तिक, पाखंडी।
পাষাণ सं—পাথর पत्थर। वि—कड़ा, बेरहम; पासंग (—ভাঙা, तराजू बराबर करना)।
পাস (पास वि—परीक्षामें उत्तीर्ण। सं—इम्तहानमें कामयाबी (—করা, পাসের খবর); अभिनय रेलगाड़ी आदिमें जानेका आज्ञा पत्र; पास pass। [गया।
পাসরিল (-अ) (पद्यमें) क्रि—(वह) भूल
পাহাড় सं—पर्वत; पहाड़; करारा। —তলি सं—तराई। পাহাড়িয়া, পাহাড়ে वि, सं—पर्वतीय, पहाड़ी। পাহাড়ী सं—पहाड़ी जाति। वि—पहाड़का।
পাহারা सं—पहारा, चौकसी, रखवाली। —ওয়ালা, (—ওলা) सं—पहारावाला, सिपाही; कान्स्टेबल।
পিক सं—কোকিল कोयल; चबाये हुए पानका रस, पीक; थूक। —দান, —দানি सं—पीक-दान, उगल-दान।
পিঙ্গল, পিঙ্গ (पिंग -अ) वि—कुछ पीला।
পিচ सं—कोयलेसे बनी एक कठिन वस्तु जिसे गला कर सड़कों पर दिया जाता है; पीक, थूक; एक फल, आड़ू।
পিচকারি सं—पिचकारी।
পিচবোর্ড, (পিস-) सं—जमाया हुआ मोटा कागज, दफ्ती।
পিচুটি, (পিं-) सं—आँखकी मैल या कीचड़।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

পিচ্ছিল, (-চ্ছ-) वि—पिच्छल फिसलनेवाला, तेलहा ; लसलसा ।
পিছ सं—पीछा (পিছে, पीछे) । —টান सं—पीछेकी ओरका आकर्षण, ममता । —পা वि—पीछे हटनेवाला, अनग्रसर ।
পিছন सं—पीछा, पीछेका स्थान (—দিক) ।
পিছল, পিছলা वि—পিচ্ছিল ।
পিছলান (पिछ्लानो), পিছলানো, পিছলনো (क्रि परि १७)—হড়কানো फिसलना (পা—) ।
পিছান (-नो), পিছানো, পিছনো (क्रि परि ११) —पीछे जाना ; हट आना ; पीछे रह जाना ; पिछड़ना ।
পিছু क्रि वि, सं—পাছু ।
পিঞ্জরা, (-রে) सं—পিঞ্জর, খাঁচা पिंजड़ा ।
পিঁজা, পেঁজা (क्रि परि ५) —रूईको खींच कर रेशा अलग अलग करना ।
পিঞ্জর सं—খাঁচা पिंजड़ा ; ठठरी ।
পিট सं—ताशके खेलमें एक बारका दान ।
পিটন सं—প্রহার मार । [पीटनेका मुगरा ।
পিটনা (पिट्ना), (-নে) सं—छत फर्श आदि
পিটপিট (पिट्पिट्) सं—बार बार आँख मींचना और खोलना ; हर बातमें टोकनेकी आदत ; पाकसाफ रहनेकी सनक । পিটপিটে वि—हर बातमें टोकनेवाला, अत्यधिक पवित्रता का सनकी ।
পিটা, পেটা (क्रि परि ५)—पीटना, ठोंकना ।
পিটন, পিটনি, পিটুনি सं—প্রহার मार ।
পিটান (-नो), পিটানো, পিটনো, পেটানো (क्रि परि ११)—পিটা पीटना ; মারা मारना, ठोंकना, पिटवाना । [चावल ।
পিটালি, পিটুলি सं—जलके साथ पिसा हुआ
পিট্টান सं—পলায়ন, চম্পট चम्पत (-দেওয়া) ।
পিঠ सं—পৃষ্ঠ पीठ ; पीछा, पीछेका स्थान ; आगेका स्थान (দুইয়ের পিঠে তিন—২৩ তেইশ) । —দাঁড়া सं—रीढ़ । পিঠাপিঠি, পিঠোপিঠি वि—পর পর एकके बाद दूसरा (—দুই ছেলে) । क्रि वि—पीठकी ओर पीठ रखकर ।
পিঠা, পিঠে सं—পিষ্টক पिसा चावल या दाल नारियल छेना खोआ आदि मिलाकर बनायी हुई मिठाई ।
পিঁড়া, পিঁড়ে सं- पीढ़ा, पाटा ; चबूतरा ।
পিঁড়ি सं—पीढ़ा ।
পিণ্ড (-अ) सं—पकाये हुए चावल आदिका गोल लोंदा जो श्राद्धमें पितरोंको अर्पित किया जाता है ; डला (উণ্ডা—, মাংস—) । —দ (-अ) सं—पिंड-दान करनेवाला, पिंडाधिकारी । [चीनीमें पकाया हुआ खजूर ।
পিণ্ড, পিণ্ডি, পিণ্ডী सं—পায়ের গুলি पिंडली,
পিতল सं—पीतल ।
পিতৃ सं—পিতা पिता । —কল্প (-अ) वि— पिताके तुल्य । —কার্য্য (-अ) सं—पितरों के लिए श्राद्ध तर्पण आदि । —কুল सं— पिताका वंश । —গণ सं—पितरलोग । —দায় सं—मृत पिताका श्राद्ध आदि कर्तव्य । —পক্ষ (-अ) सं—कुआर की कृष्ण प्रतिपदासे अमावस्या तकका समय ; पिताके साथ सम्बन्ध-युक्त कुटुम्बी । —পুরুষ सं—पुरखा ।
পিতৃব্য (-अ) सं—चचा । —স্বসা स्त्री—পিসী फूफी, बुआ । —স্থানীয় (-अ) वि—पिताके तुल्य ; पिताके समान पूज्य । —হন্তা सं পিতৃঘাতী पिताका हत्यारा ।
পিত্ত (-अ) सं—पित्त । —কোষ, পিত্তাশয় सं—पित्तकी थैली । —ঘ্ন (-अ), —নাশক वि—पित्तका दोष दूर करनेवाला । —পড়া सं—अधिक भूख लगने पर भोजन न

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मिलनेसे पित्तका वृथा स्राव। —রক্ষা सं—भूखके समय थोड़ासा खाद्य खाना।

পিত্তল सं—पीतल।

পিত্রালয় सं—पिताका घर, नैहर। [युक्त।

পিত্র্য (-अ) वि—पैतृक, पितासे सम्बन्ध-

পিদিম सं—প্রদীপ दीया, चिराग।

পিধান सं—খাপ कोष, म्यान; ढक्कन।

পিন सं—আলপিন पिन, काँटा।

পিনাস सं—नाकमें घाव होनेका रोग पीनस।

পিঁপড়ে सं—পিপীলিকা च्यूँटी।

পিপা, পিপে सं—पीपा।

পিপাসা सं—प्यास; लालच। পিপাসিত (-अ), পিপাসী वि—प्यासा। পিপাসু वि—पीने या पानेके इच्छुक।

পিপীলিকা सं=পিঁপড়ে।

পিপুল, (পিঁ-) सं—पिप्पली।

পিপ্পল सं—पीपल।

পিয়ন सं—পেয়াদা प्यादा, हरकारा, चिट्ठी-रसाँ।

পিয়া वि, सं—प्रिया, प्रेमिका (पद्यमें)।

পিয়াজ, পিঁয়াজ, (পেঁ-) सं—प्याज।

পিয়ার, (পে-) सं—ভালবাসা प्यार। পিয়ারা, (পে-) वि—प्यारा। स्त्री—পিয়ারী, (পে-)।

পিয়ালা सं—বাটি प्याला।

পিয়াস, (-সা) —प्यास। পিয়াসী वि—प्यासी।

পিরান सं—कमीज, कुर्त्ता।

পিরালী, পিরিলী सं—एक पतित ब्राह्मण जाति।

পিরিচ सं—রেকাবি रकाबी।

পিরিতি, (-রী-), পিরিত सं—प्रेम, इश्क।

পিল सं—हाथी, फील; दवाको गोली। —খানা सं—फीलखाना। —পিল सं—च्यूँटोंकी तरह एक स्थानमें जमाव, गड्ढेसे च्यूँटोंका झुंडके साथ निकलना। —সুজ सं—दीवट।

পিলে सं—প্লীহা तिल्ली।

পিশিত सं—मांस। —পিশু (-अ) सं—स्तन।

পিশুন वि—चुगलखोर, निंदक।

পিষা, পেষা (क्रि परि ५) —বাটা पीसना। वि—पिसा हुआ। পেষাই सं—पिसाई।

পিষ্ট (-अ) वि—पिसा हुआ, मसला हुआ, कुचला हुआ।

পিষ্টক सं=পিঠা।

পিসা, পিসে (পিঙ্গে) सं—फूफा। পিসী, পিসি स्त्री—फूफी, बुआ। পিসতুত (-अ), (-তো) वि—फुफेरा (—ভাই, —বোন, —দেওর, —শালী)। পিসশ্বশুর सं—पति या पत्नीका फूफा। পিসশাশুড়ী स्त्री—पति या पत्नीकी फूफी।

পিস্তল सं—पिस्तौल, तमंचा।

পিহিত (-अ) वि—म्यानमें रखा हुआ, छिपा हुआ।

পীচ, পিচ सं—एक फल, आड़ू।

পীড়া सं—रोग, क्लेश, दर्द। পীড়ক वि, सं—पीड़ा देनेवाला। পীড়ন सं—क्लेश दान, मर्दन, सादर ग्रहण (পাণি—)।

পীড়িত (-अ) वि—रुग्ण, क्लेशित। —পীড়ি, (পেড়া-) सं—दबावके साथ अनुरोध।

পীত वि—হলদে पीला। পীত (-अ) वि—पान किया हुआ, पिया हुआ।

পীন वि—स्थूल, मोटा।

পীনস सं=পিনাস।

পীবর वि—स्थूल, मोटा, बलवान।

পীযূষ सं—अमृत, सुधा।

পীর सं—मुसलमान साधु।

পুঁই सं—एक शाग, पोई।

পুং सं—पुरुष, नर। পুংশ্চলী वि, स्त्री—छिनाल।

পুংশ্চিহ্ন (-अ) सं—पुरुषका जननेन्द्रिय।

পুংস্ত্ব (-अ) सं—पुरुषत्व, पुरुषका भाव।

পুংগব, পুঙ্গব सं—साँड़। वि श्रेष्ठ (नर—)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

পুকুর सं—पुष्करिणी तालाब, पोखरा।

পুঙ্খানুপুঙ্খ (-अ) क्रि वि—बारीक छानबीनके साथ, अति सूक्ष्म।

পুচকে (पुच्‌के) वि—छोटा, नन्हा (—ছেলে)।

পুচ্ছ (-अ) सं—लेज दुम, पूँछ।

পুছা (क्रि परि ६) - पूछना।

পুছা (क्रि परि ६)—মোছা, পোঁছা पोंछना।

পুঁছান (-नो), পুঁছানো, পুঁছনো, পোঁছানো (क्रि परि १०)—মোছানো पोंछनेका काम दूसरेसे कराना।

পুঁজ सं—पीब, मवाद। [संचित धन।

পুঁজি सं—पूंजी, मूलधन। —পাটা सं—

পুঞ্জ (-अ) सं—समूह, राशि, ढेर। পুঞ্জিত (-अ), পুঞ্জীভূত (-अ) वि—ढेर लगा हुआ।

পুঞ্জীকৃত (-अ) वि—ढेर लगाया हुआ।

পুট सं—आवरण, आवार, जिससे पकड़ा जाता है (চঞ্চু—, পক্ব—); अंजलि (কর—, কৃতাঞ্জলিপুটে); दोना (পত্র—); औषध पकानेका एक मुँह-बंध वर्तन। পুটিত (-अ) वि—पुटपाक किया हुआ।

পুঁটলি, পুঁটুলি सं—पोटली, छोटी गठरी।

পুঁটি सं - एक छोटी मछली।

পুটিং सं—पुटीन, खड़िया मिट्टीकी बुकनीमें तीसीका तेल आदि मिलाकर बनाया हुआ एक पलस्तर जिससे शीशा आदि सटाते हैं।

পুড়ান (-नो), পুড়ানো, পুড়নো, পোড়ানো (क्रि परि १२)—जलाना, भस्म करना; मनमें दुःख देना। वि—जला हुआ, दग्ध।

পুণ্য (-अ) स -पुण्य, धर्म, शुभ कर्म, पुण्य-जनक कार्य। —কর्मा वि—पुण्यजनक कर्म करनेवाला। —কীর্তি वि सं—पुण्य कर्म करके जिसने यश पाया है। —তোয়া वि—जिस नदीका जल पवित्र माना जाता है। —বল सं -पुण्यकी शक्ति। —শ্লোক वि, सं—पुण्यकीर्ति। পুণ্যাহ (-अ) सं—जिस दिन पुण्य कर्म किया जाता है, पर्व-दिन।

পুতলি सं—পুতুল खिलौना, गुड़िया (মহের—); आँखकी पुतली।

পুঁতি सं -मोतीकी शकलवाली काँचकी छोटी गोली, इससे माला बना कर बच्चे गुड़िया को पहनाते हैं।

পুতুপুতু सं—बड़ी सावधानी।

পুতুল सं—गुड़िया; मूर्ति।

পুত্তলিকা, পুত্তলি, (-ली) सं—पुतुल गुड़िया।

পুত্র सं=पुत्र।

পুত্র, পুত্র (-अ) सं—ছেলে, তনয়, সুত-लड़का, बेटा, पुत्र। —কাম वि, सं—पुत्रकी कामना करनेवाला। —বধূ स्त्री—पतोहू। পুত্রী, পুত্রিকা स्त्री—কন্যা लड़की। পুত্রীয় (-अ) वि—पुत्र सम्बन्धी।

পুঁথি, পুথি सं—पोथी, हाथकी लिखी पुस्तक।

পুদিনা सं—पुदीना।

পুনরপি क्रि, वि—আবারও फिर, फिर भी।

পুনরায় क्रि वि—আবার फिर, पुनः।

পুনরুত্থান (पुनरुत्थान) सं—फिरसे उठना, मृत्युके बाद फिर जीवित होना।

পুনর্বার क्रि वि=পুনরায়। [पुनर्जन्म।

পুনর্ভব (-अ) वि—फिरसे उत्पन्न। सं—

পুনর্ভূ स्त्री—दो बार विवाहिता स्त्री।

পুনর্যাত্রা सं—प्रत्यागमन, लौट आना (জগন্নাথের—)।

পুনশ্চ (-अ) क्रि वि—আবার पुनः, फिर।

পুব, পূব, পূর্ব सं—पूर्व दिशा। वि—पूर्व दिशा का, पूर्वी (পূর্ব পাকিস্তান, পূর্ব পাঞ্জাব)। পুবে, পূবে वि—पूरवैया (—হাওয়া)।

পুরঃসর (पुरस्सर) वि अग्रवर्ती। क्रि वि—सामने, पूर्वक (প্রণাম—)।

পুরতঃ क्रि वि—सामने, आगे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

পুরদ্বার सं—नगरका फाटक, महलकी ड्योढ़ी।
পুরন (-अ), পুরনো वि—पुराना।
পুরনারী स्त्री -अन्तःपुरमें रहनेवाली स्त्री।
পুরন্ত (-अ) वि—পরিপুষ্ট पूरा, भरा।
পুরবাসী सं—नगरनिवासी।
পুরা, পুরো वि—पूरा, पूर्ण, भरा। —পুরি क्रि वि—पूरा भरकर, पूर्ण रूपसे।
পুরা क्रि वि—प्राचीन समयमें। सं—पुराना जमाना (—তত্ত্ব, —বিৎ)।
পুরা, পোরা (क्रि परि ६)—पूण होना, भर जाना ; पूण करना, भरना, घुसाना, भीतर रखना।
পুরাতত্ত্ব (-त्त -अ) सं—प्राचीन युगका वृत्तान्त, इतिहास। —বিৎ, —জ্ঞ वि, सं—प्राचीन तत्त्वका जाननेवाला। [जमानेका।
পুরাতন वि—পুরনো पुराना, प्राचीन, पुराने
পুরান (-नो), পুরানো, পুরনো, পোরানো (क्रि परि १२)—पूण करना, भरना, पूरा करना (আশা—, লক্ষ টাকা—)।
পুরাবৃত্ত (-अ) सं =পুরাতত্ত্ব।
পুরি सं—लूचि पूरी, पूड़ी।
পুরিয়া सं— কাগজের মোড়ক पुड़िया।
পুরীষ सं—বিষ্ঠা मल, गू।
পুরু वि—मोटा, स्थूल (— কাগজ)।
পুরুত सं—पुरोहित, पुजारी। [चलनेवाला
পুরোগ (-अ), পুরোগামী वि—अग्रगामी आगे
পুরোধাঃ सं—पुरोहित।
পুরোবর্ত্তী वि—सामनेका, आगेवाला।
পুল सं—সেতু, সাঁকো पुल।
পুলক सं—हर्ष, आनंद, रोमांच। পুলকিত (-अ) वि—हर्षित। [समोसा।
পুলি सं— এক প্রকার পিঠা एक मिठाई, मीठा
পুলিন सं— তট तीर, नदीका किनारा।
পুলিন্দা सं—বাণ্ডিল, পুঁটলি बंडल, पुलिंदा।
পুলিস सं—पुलिस ; पुलिसका जिम्मा (পুলিসে দেওয়া)।
পুষা क्रि =পোষা।
পুষ্করিণী सं—পুকুর, সরোবর तालाब।
পুষ্কল वि—प्रचुर, बहुत, पूर्ण।
পুষ্ট (-अ) वि—तैयार ; स्थूल ; पका या पाला हुआ। পুষ্টি सं—पोषण ; समर्थन ; मजबूती।
পুষ্প (-अ सं—ফুল फूल। —বৃষ্টি सं—ऊपरसे फूलोंकी वर्षा। —মাস सं—मधुमास वसंत ऋतु। —রাগ सं—পোখরাজ মণি पुखराज। পুষ্পাঞ্জলি सं—अंजलि भर फूल जो देवता आदिको चढ़ाया जाता है। পুষ্পাসব सं —फूलोंका मधु। পুষ্পিত (-अ) वि—फूला हुआ। পুষ্পিতা स्त्री वि—ऋतुमती।
পুগ सं—সুপারি सुपारी।
পূজা, পূজো सं—আরাধনা पूजा, उपासना ; स्वागत। পূজক सं, वि—पूजा करनेवाला, पुजारी। পূজন सं—पूजा, आदर। পূজয়িতা सं, वि =পূজক। পূজাই (-अ) वि—पूजाके योग्य। পূজারী, পূজরী सं—দেবল देव मंदिरका पुजारी। পূজিত (-अ) वि—অর্চিত जिसकी पूजा की गयी है ; सम्मानित। [(পূজিয়াছি কত দেবে)।
পূজা (क्रि परि ६)—पूजा करना, पूजना
পূত (-अ) वि—पवित्र, पाक।
পূতি वि—পচা গন্ধযুক্ত बदबूदार।
পূতিকা सं—পুঁই শাক एक शाक, पोई।
পূপ सं =পিঠা।
পূব सं =পূব।
পূয় सं =পুঁজ। [है, पूर।
পূর सं—পরিপূরণ पूरण, जो भीतर भरा जाता
পূরণ सं—पूरण, भरनेकी क्रिया ; समाधान (সমস্যা—) ; गूपना। পূরক वि—पूरा करने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वाला। सं—वह संख्या जिससे किसी दूसरी संख्याको गुणा किया जाय; प्राणायामका प्रथम अंश। পূরিত (-অ) वि-पूर्ण किया हुआ। পূরয়িতা सं, वि—पूर्ण करनेवाला।

পূর্ণ (-अ) वि—पूण, पूरा, भरा; अखंड, समूचा, समाप्त; सफल। —কাম वि—जिसकी कामना पूर्ण हुई है। —গর্ভা स्त्री—आसन्न-प्रसवा जिसका गर्भ पूर्ण हुआ है। —চ্ছেদ सं—दाँड़ि पूर्ण विराम, पाई। —বয়স্ক (-अ) वि—पूर्ण युवा। —মাত্রা सं—पूरी मात्रा, समूचा अंश। পূর্ণায়ু सं—पूरी आयु। वि—दीर्घजीवी। পূর্ণেন্দু सं—पूण चंद्रमा।

পূর্ত (-अ) सं—जनताके हितके लिए तालाब खोदना रास्ता बनाना आदि कार्य (—বিভাগ)।

পূর্ব (-अ) सं—पूब पूरब। वि पिछला, पीछेका, पहलेका; पूर्व दिशाका (—পাকিস্তান)। —গামী वि—आगे चलने वाला। —জ্ঞান सं—पहलेका अनुभव, भविष्यकी घटनाके विषयमें ज्ञान। —তন वि—पहलेका। —রাত্র सं—रात्रिका प्रथम भाग। —রাত্রি सं—गत रात्रि, पिछली रात। —লক্ষণ सं - भविष्य घटनाका चिह्न। —সংস্কার सं - पहलेका अभ्यास, पूर्व जन्मका संस्कार। পূর্বাপর वि—আগাগোড়া आदिसे अंत तकका। পূর্বাপেক্ষা क्रि वि—আগেকার চেয়ে पहलेकी अपेक्षा। পূর্বাভাস सं—जो पहले बतला दिया जाता है, सूचना, भूमिका। পূর্বাবধি क्रि वि—আগে থেকে पहलेसे। পূর্বাহ্ণ (-अ सं—दिनका प्रथम अंश।

পৃক্ত (-अ) वि—লগ্ন युक्त लगा हुआ।

পৃচ্ছা सं—প্রশ্ন जिज्ञासा।

পৃথগন্ন सं—परिवारमें जिसकी रसोई अलग पकती है।

পৃথু, পৃথুল वि—स्थूल; विशाल महान्।

পৃষ্ট (-अ) वि—জিজ্ঞাসিত पूछा हुआ।

পৃষ্ঠ (-अ) सं—पीठ; पीछेकी दिशा; ऊपरका अंश। —প্রদর্শন सं—পলায়ন चम्पत। —ভঙ্গ (-अ) सं—हार कर पलायन।

পৃষ্ঠা सं—पुस्तकके पत्रेका एक पृष्ठ। পৃষ্ঠাঙ্ক (-अ) सं—पुस्तकके पृष्ठकी क्रमिक संख्या।

পেঁকো वि—পাঁক-युक्त कीचड़दार; कीचड़सा।

পেখম सं—मोरकी फैलायी हुई दुम (-ধরা)।

পেঁচ (पच), প্যাঁচ सं—पाक मरोड़, घुमाव, पेच; कुटिलता, कपट, धोखा; समस्या; संकट। পেঁচাও, পেঁচোয়া, পেঁচালো (প-) वि—कुटिल; जटिल; पेचदार।

পেচক, পেঁচা (पँचा), প্যাঁচা सं—उल्लू। स्त्री—পেচকী, পেঁচী।

পেঁচান (पँचानो), পেঁচানো (क्रि परि १०) —পাকানো बटना, लपेटना; जटिल करना।

পেঁচো सं—एक कल्पित देवता, कहा जाता है कि उसके असरसे बच्चोंको मिरगीका रोग हो जाता है (পেঁচোয় পাওয়া)।

পেছু सं—पीछा (—নেওয়া, पीछा करना)।

পেঁজা (क्रि परि ५)=পিঁজা।

পেজী वि—पृष्ठोंवाला (ষোল—)।

পেট सं—उदर, पेट, गभ; मन। —খাঁটা क्रि -मल कठिन होना। —কামড়ানো क्रि—पेट में दर्द होना। —নরম হওয়া, —নামানো क्रि—पतला दस्त होना। —ফাঁপা क्रि पेटमें वा भर जाना। —ভরা क्रि—अधिक भोजनसे पेट भर जाना। —রোগা वि—अजीर्ण रोगी। —হওয়া क्रि—गर्भ होना। পেটের অসুখ सं—पेटकी बीमारी, उदरामय पतला दस्त।

পেটের কথা सं—दिलकी बात।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

পেটরা सं – पिटारा, बाकस, पेटी ।
পেটা (क्रि परि ५) —পিটা पीटना, ठोंकना । वि - पीटकर गढ़ा हुआ (—লোহার কড়া) ; जो ठोंक कर बजाया जाता है (—ঘড়ি) ।
পেটাই सं—पिटाई । [वशीभूत ।
পেটাও, পেটোয়া वि—अधीन, आज्ञाकारी,
পেটান (क्रि परि ११)= পিটান । [हिस्सा ।
পেটি सं—पेटी, कमरबंद ; मछलीके पेटका
পেটুক वि—पेटू, भोजन-प्रिय ।
পেট্রল सं—पेट्रोल एक तेल petrol.
পেড়া (পেঁড়া), প্যাড়া सं—पेड़ा, एक मिठाई ।
পেড়াপীড়ি सं =পীড়াপীড়ি ।
পেণ্টুলুন सं—पाजामा, इजार pantaloon.
পেত্নী, পেত্নী स्त्री—प्रेतनी, भूतनी ; मैली-कुचैली बदसूरत औरत ।
পেতি वि—तुच्छ, हीन ।
পেতে सं—ছোট চুবড়ি छोटी टोकरी ।
পেন सं—কলম कलम pen.
পেনশন सं—निवृत्ति-वेतन, पेन्शन pension.
পেনসিল सं—पेन्सिल pencil.
পেঁপে सं- पपीता । [वस्तु, पेय ।
পেয় (-अ) वि—पीने योग्य । सं—पीनेकी
পেঁয়াজ सं—পিঁয়াজ प्याज ।
পেয়াদা सं—प्यादा, हरकारा ।
পেয়ার, পেয়ারা, পেয়ারী—পিয়ার देखो ।
পেয়ারা सं—अमरूद ।
পেয়ালা सं—পিয়ালা प्याला ।
পেরু सं—पेरू, मुर्गीसी एक चिड़िया ।
পেরন (-नो), পেরনো (क्रि परि १०)—पार होना ; व्यतीत होना ।
পেরেক सं—कील, कँटिया ।
পেলব वि—कोमल, लघु ।
পেশ सं—সম্মুখে স্থাপন पेश ।
পেশল वि—सुंदर, कोमल ।
পেশা सं—व्यवसाय, पेशा । —কার, —कर, सं, वि—वेश्या । —দার वि—पेशेवर, व्यवसायी । —দারী वि—पेशा सम्बन्धी, व्यापारिक । [या गाँठ ।
পেশী, পেশি सं—शरीरके भीतर मांसकी गुत्थी
পেশোয়াজ सं—नाचनेवालीका ढीला लहंगा ।
পেষণ सं—দলন, বাটা पीसना, चूर्णन । পেষণী स —लोढ़ा ; चक्की । পেষিত (-अ) वि—पीसा हुआ । পেষা क्रि, পেষাই सं—পিষা देखो ।
পেস্ত सं—पिस्ता ।
পৈতা (पइता), (-তে) सं—जनेऊ ।
পৈতামহ (-अ) वि—पितामह सम्बन्धी ।
পৈতৃক वि—बपौती ।
পৈত্তিক वि—पित्त सम्बन्धी ।
পৈশাচ वि—पिशाच सम्बन्धी । পৈশাচিক वि—पिशाच सम्बन्धी, पिशाचका-सा ।
পৈশুন, পৈশুন্য (-अ) सं—निंदा-प्रचार, चुगलखोरी । [ভাসুর—) ।
পো सं—पुत्र, लड़का, बेटा (ঠাকুর—, देवर ;
পোঁ सं—बंसीका शब्द, सहनाईका धारावाही सुर ; दूसरेका अनुयायी होना या हाँमें हाँ मिलाना ।
পোকা सं—कीड़ा, कीट ।
পোক্ত (-अ) वि—শক্ত मजबूत ; अनुभवी ।
পোখরাজ सं—পুষ্পরাগ पुखराज ।
পোঁচ, (-চ) सं—লেপ लेप (এক—রং) ; पोंछना (ঝাড়—) ।
পোঁছা, পোঁছানো (क्रि परि ६)—পুঁছা देखो ।
পোঁটলা सं—বড় পুঁটলি गठरी, गट्ठर ।
পোঁটা सं—শিকনি नाकका बलगम ; मछलीकी आँत ।
পোড় सं—दहन, दाह (—খাওয়া) ।
পোড়া (क्रि परि ६)—जलना, दग्ध होना । वि—जला हुआ, दग्ध (—কাঠ, —কপাল) ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

পোড়ান (-নো), পোড়ানো (क्रि परि १२)—पूड़ान देखो ।

পোড়ানে वि—जलाने या सताने वाला ।

পোত सं—नाव, जहाज (অর্ণব—) । পোতাধ্যক্ষ (-अ) सं—जहाजका कप्तान या चालक ।

পোঁত सं—घरके खंभेका जमीनमें गाड़ा हुआ अंश । [फर्श तक नींव ।

পোতা, পোঁতা सं—बाहरी जमीनसे मकानकी

পোঁতা (क्रि परि ६)—প্রোথিত করা, গাড়া गाड़ना, जमीनमें बाँस आदिका कुछ हिस्सा गाड़ना (খুঁটি—) ; रोपना (গাছ—) । वि—প্রোথিত वि—गाड़ा हुआ ।

পোদ सं—एक उपाधि, एक जाति ।

পোদ্দার सं—सर्राफ, सुनार ।

পোদ্দারি सं—सर्राफी ।

পোনা सं—रोहू आदि बड़ी मछलीका बच्चा । —মাছ सं—रोहू आदि मछली ।

পোয়া सं—पाव, चौथाई । —বারো सं—सतरंजका एक दान ; (व्यंगमें) सौभाग्य ।

পোয়াতী स्त्री —जच्चा, प्रसूति ।

পোয়ান (-नो) (क्रि परि १४)=পোহান ।

পোয়াল सं—খড়, বিচালি पुआल ।

পোরা, পোরান—পূরা, পূরান देखो ।

পোলাও सं—পলান্ন पुलाव ।

পোলো सं–পলো ।

পোশাক, (-ষা-) सं—পরিচ্ছদ पोशाक । পোশাকী वि—भद्र समाजमें जानेके लिए पहनने योग्य (—কাপড়) ।

পোষ सं—पोस, पालनेवालेके वशमें रहना (কুকুর—মানে) ।

পোষড়া सं—पूस महीनेका त्योहार ।

পোষণ सं—पुष्टि, पालन, वर्धन । পোষক वि—पालनेवाला, पुष्ट करनेवाला (শরীর—) ; सहायक । পোষকতা सं—समर्थन, सहायता ।

পোষণীয়, পোষ্য (-अ) वि—पोषण-योग्य, पालने लायक । পোষ্য सं—परिवारके लोग जिनका पालन किया जाता है (—বর্গ) ।

পোষা (क्रि परि ६)—पोसना, पालन करना (পাখি—, ছেলে—) ।

পোষান (-नो), পোষানো (क्रि परि १४)—प्रयोजनके अनुरूप होना, पोसाना, पटरी बैठना ।

পোষ্টাই वि—शरीरकी पुष्टि करने वाला, पुष्टई ।

পোষ্ট, (পোস্‌ট) सं—डाक (—কার্ড, —মাষ্টার) ।

পোস্ত (-अ) सं—पोस्ता । —দানা सं—पोस्तेका दाना ।

পোস্তা सं—হাট, গঞ্জ हाट, सट्टी, गंज, पुश्ता ।

পোহান (-नो), পোহানো (क्रि परि १४)—পোয়ান प्रभात होना ; पौ फटना (রাত—) ; तापना (রোদ—, আগুন—) ; सहना (হাঙ্গামা—) ।

পৌঁছা (प उंछा) (क्रि परि १), পৌঁছান (-नो), পৌঁছানো (क्रि परि १५) —पहुचना, उपस्थित होना, पहुच पाना (অত উঁচুতে হাত পৌঁছায় না) ; पहुचा देना (তাকে বাড়ি পৌঁছিয়ে দাও) ।

পৌত্তলিক (पउत्तलिक) वि—मूर्ति-पूजक ।

পৌত্তলিকতা सं—मूर्तिपूजा । [स्त्री—पोती ;

পৌত্র (-अ) सं—पोता, पुत्रका पुत्र । পৌত্রী

পৌনঃপুনিক वि—बारबार होनेवाला । सं—वह दशम लव जिसमें एकही अंक बारबार आता है recurring.

পৌনে वि—चौथाई कम, पौन (—চার) ।

পৌর (-अ) वि—पुर या नगरमें उत्पन्न ; पुर सम्बन्धी ।

পৌরুষ सं—पुरुष-सा उद्यम, पराक्रम, साहस ।

পৌরুষেয় (-अ) वि—आदमीका किया हुआ ; पुरुष सम्बन्धी ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

পৌরোহিত্য (-अ) सं—পুরুতগিরি पुरोहितका काम, पुरोहिताई।

পৌর্বদেহিক वि—पूर्व जन्मका।

পৌর্বাপর্য্য (-अ) सं—पूर्वापर सम्बन्ध, धारा-वाहिक भाव, क्रम, सिलसिला।

পৌর্বাহ্নিক वि—पूर्व दिनका।

পৌষ सं—पूसका महीना। পৌষা, পৌষে वि—पूसमें उत्पन्न।

প্যাঁ सं—बच्चोंके रोनेका शब्द, चेंचें संमें।

প্যাচপ্যাচ=পচপচ।

প্যাঁচ, প্যাঁচা—পেঁচ, পেঁচা देखो।

প্যানপ্যান सं—रुलाईके साथ माँग, घेंघें संमें। প্যানপেনে वि—रोते हुए माँगने वाला।

প্যারা सं—लेखका अनुच्छेद, पैरा paragraph.

প্যারাশুট सं—हवाई जहाजसे कूद कर उतरनेका छातानुमा यंत्र, पराशूट। —বাহিনী सं—छतरी फौज।

প্যারী वि—प्रिया, प्यारी। स्त्री—राधिका।

প্যাসেঞ্জার सं—सवारी, यात्री, पसिंजर।

প্রকট वि—स्पष्ट, जाहिर। প্রকটন सं—प्रकाशन, प्रकट करना। প্রকটিত (-अ) वि—प्रकट किया हुआ।

প্রকম্প (-अ), প্রকম্পন सं—अधिक कंपन, कँपकँपी। প্রকম্পিত (-अ) वि—अधिक कंपित।

প্রকার सं—श्रणी, जाति, भद, किस्म; उपाय (কি প্রকারে ?)। প্রকারান্তর सं—दूसरा प्रकार (প্রকারান্তরে)।

প্রকাশ্য (-अ) वि—प्रकाशित करने योग्य, लोगोंकी दृष्टिके भीतरका (—স্থান); लोगोंके समक्ष (—নিন্দা)।

প্রকীর্ণ (-अ) वि—ছড়ানো बिखेरा हुआ; विविध।

প্রকৃত (-अ) वि—सत्य, यथार्थ, सच्चा, असली; प्रस्तावित। —পক্ষে क्रि वि—वस्तुतः असलमें।

প্রকৃতি सं—स्वभाव, चरित्र, धर्म, प्रकृति; दुनिया; प्रजा; नारी। —গত (-अ) वि स्वाभाविक।—স্থ (-अ) वि—स्वाभाविक अवस्थामें स्थित।

প্রকৃষ্ট (-अ) वि—শ্রেষ্ঠ उत्तम।

প্রকোপ सं—उग्रता, प्रबलता, तेजी; अत्यंत क्रोध। প্রকোপিত (-अ) वि—क्रोधित।

প্রকোষ্ঠ (-अ) सं—কক্ষ, घर कमरा, कोठरी, कोहनीसे कलाई तक हाथ।

প্রক্রিয়া सं—किसी कार्यकी सिद्धिके लिए विशेष प्रकारका अनुष्ठान (তান্ত্রিক—, রাসায়নিক—)।

প্রখর वि—तीक्ष्ण, तेज (—রৌদ্র)।

প্রগতি सं—अग्रगति, क्रमिक उन्नति।

প্রগল্ভ (-अ) वि—निडर, ढीठ, बेहया, निस्संकोच बात करनेवाला। स्त्री—প্রগল্ভা।

প্রচুর वि—यथेष्ट, काफी।

প্রচেষ্টা सं—प्रयास, अनेक आदमियोंकी चेष्टा।

প্রচ্ছদ सं—आवरण। —পট सं—মলাট पुस्तककी जिल्दके ऊपरका कागज या कपड़ा।

প্রজনন सं—संतान उत्पादन, गर्भधारण; जन्म।

প্রজা सं—प्रजा, रिआया, रैयत; संतान, जनता। —তন্ত্র सं—जनताके प्रतिनिधियोंके द्वारा राज्य-परिचालन। —পতি सं—सृष्टि करनेवाला, ब्रह्मा; तितली।

প্রজ্ঞান सं—विशेष ज्ञान; संकेत, चिह्न।

প্রণত (-अ) वि—प्रणाम करनेवाला, प्रणाम करता हुआ।

প্রণাম सं—बड़े और पूज्य व्यक्तिके चरणों पर या जमीनमें सिर रखकर प्रणाम अथवा अपने सिर पर हाथ जोड़कर नमस्कार।

প্রণামী सं—प्रणाम करते समय दिया जानेवाला

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

धन वस्त्र आदि (ঠাকুর—, গুরু—, শাশুড়ীর —কাপড়)।

প্রণালী सं—पद्धति, रीति, शैली ; नाली, जल-
[डमरूमध्य।

প্রণাশ सं—मृत्यु मौत।

প্রণিপাত सं—धरती पर माथा टेक कर प्रणाम।

প্রণোদিত (-अ) वि—प्रेरित प्रवर्तित।

প্রতি उप—विरोधी विपरीत बदला आदि अर्थ-वाचक उपसर्ग। —কার सं—उपाय, निवारण (রোগের—, বিপদের—)। —কূল वि—विरुद्ध, विपरीत। —কৃতি सं—तसवीर, मूर्ति। —ক্রিয়া सं—विपरीत क्रिया, बदला, प्रयोगके बाद जो क्रिया होती है (ঔষধের—)। —ঘাত सं—बदलेमें आघात, वार करनेवाले पर वार। —জ্ঞাত (-अ) वि—जिस विषयमें प्रतिज्ञा की गयी है। —নিবৃত্ত (-अ) वि—लौट आया हुआ। —নিয়ত क्रि वि—निरंतर, सदा। —পক্ষ (-अ) सं—विरुद्ध पक्ष, प्रतिवादी, शत्रु। —পত্তি सं—प्रतिष्ठा, इज्जत (—শালী)। —পদে क्रि वि—पग पगमें। —ফল सं—बुरे कामका कुफल (পাপের—); बदला, सजा। —ফলন सं—दर्पण आदिमें पतित प्रकाशका दूसरी ओर लौट आना। —ফলিত वि—प्रतिबिम्बित। —বচন सं—प्रत्युत्तर, जवाब का जवाब। —বাসী सं—पड़ोसी। —বিধান सं—प्रतिकार, निवारण ; बदला, प्रतिशोध। —বিধিৎসা सं—प्रतिकार करनेकी इच्छा। —বেশ सं—पड़ोस ; चारों ओरके विषय। —বেশী सं—पड़ोसी। —ভাত (-अ) वि—प्रकाशित, ज्ञात। —ভূ सं—प्रतिनिधि, जमानती। —লোম वि—विपरीत, उलटा (—বিবাহ, निम्न वर्णके पुरुषके साथ उच्च वर्णकी स्त्रीका विवाह)। —শব্দ (-अ) सं—पर्याय, गूँज। —শ্রুতি सं—प्रतिज्ञा। —ষিদ্ধ (-अ) वि—निषिद्ध। —ষ্ঠান सं—समिति, स्थायी सभा। —ষ্ঠাপন सं—संस्थापन। —সংহার सं—लौटा लेना ; निवारण। —সরণ सं—किरणकी वक्रता, प्रकाशक मोड़। —হত (-अ) वि—बाधाप्राप्त, रोका हुआ। —হনন सं—हत्यारेकी हत्या। হন্তা वि, सं—हत्यारेकी हत्या करने वाला। —হিংসা सं—प्रतिशोध, बदला।

-প্রতিম वि—तुल्य, सदृश (সোদর-)।

প্রতীক सं—नमूना, चिह्न।

প্রতীকার सं=প্রতিকার।

প্রতুল वि—प्रचुर ; वृद्धि, बहुतायत।

প্রত্ন (-अ) वि—प्राचीन ; प्राचीनकाल सम्बन्धी। —তত্ত্ব (-अ), —বিদ্যা सं—पुरातत्त्व। —তাত্ত্বিক सं पुरातत्त्वका जाननेवाला।

প্রত্যক্ वि—आन्तर, भीतरी ; पीछेका ; पाश्चात्त्य।
[(অঙ্গ—)।

প্রত্যঙ্গ (-अ) सं—अवयव, अंगका अंग

প্রত্যবায় सं—पाप, दोष।

প্রত্যভিবাদন सं—नमस्कारके उत्तरमें नमस्कार।

প্রত্যর্পণ सं—ফেরত लौटाना, वापसी।

প্রত্যহ (-अ) क्रि वि—प्रतिदिन, रोज।

প্রত্যাখ্যান सं—অস্বীকার उपेक्षा, त्याग।

প্রত্যাদেশ स—देवताका आदेश। প্রত্যাদিষ্ট (-अ) वि—देवताका आदेश पाया हुआ।

প্রত্যানয়ন सं—ফিরাইয়া আনা लौटा लाना।

প্রত্যাশা सं—कृत कर्मके फल रूपसे या दूसरेसे कुछ पानेकी आशा। প্রত্যাশী वि—आकांक्षी।

প্রত্যাসন্ন (-अ) वि—आसन्न, समीपका।

প্রত্যাহত (-अ) वि—बाधाप्राप्त, रोका हुआ।

প্রত্যুক্তি सं—उत्तर, जवाब।

প্রত্যুত (-अ) अ—परंतु, बल्कि।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

প্রত্যুত্তর सं—उत्तरका उत्तर।

প্রত্যুত্থান (प्रत्युत्थान) सं—आये हुए व्यक्ति के सम्मानार्थ खड़ा होना।

প্রত্যুৎপন্ন (-अ) वि ठीक समय पर उत्पन्न। —মতি, —बुद्धि सं—উপস্থিত বুদ্ধি उसी क्षण कर्तव्य निश्चय करनेको बुद्धि। वि—वैसी बुद्धि वाला। —মতিত্ব (-अ) सं—वैसी बुद्धि प्रयोग करनेकी शक्ति।

প্রত্যুদাহরণ सं—दृष्टान्तके विरुद्ध दृष्टान्त।

প্রত্যুদ্গমন सं—मान्य व्यक्तिके स्वागतके लिए आगे आगमन या जाते हुए उनके साथ साथ कुछ दूर तक गमन।

প্রত্যুপকার सं—उपकार करनेवालेका उपकार।

প্রথিত (-अ) वि—प्रसिद्ध, नामी। —নামা, —যশা वि—नामवर, मशहूर, विख्यात।

-প্রদ प्रत्य—देनेवाला (সুখ—)।

প্রদীপ सं—পিদিম दीया, दीपक।

প্রদৃপ্ত (-अ) वि—प्रकाशित; घमंडी, ढीठ।

প্রদেয় (-अ) वि—दानके योग्य।

প্রপিতামহ (-अ) सं—परदादा, दादाका बाप। প্রপিতামহী स्त्री—दादाकी माँ।

প্রপৌত্র (-अ) सं—पोतेका पुत्र। প্রপৌত্রী स्त्री—पोतेकी पुत्री।

প্রবণ वि—आसक्त, उन्मुख, झुका हुआ (স্নেহ—); आसानीसे किसी अवस्थाको प्राप्त होनेवाला (ভাব—, ভঙ্গ—)।

প্রবহ (-अ) सं—प्रवाह, वायु। —মাণ वि—बहनेवाला। প্রবহণ सं—प्रवाहित होना, बहना। [जनश्रुति।

প্রবাদ सं—চলতি কথা कहावत, मसल,

প্রবাল सं—मूगा, विद्रुम, सामुद्रिक प्राणी-विशेषसे उत्पन्न प्रस्तर-सदृश पदार्थ coral (लाल प्रवाल एक रत्न है); अंकुर। —দ্বীপ सं—प्रवाल कीटजात पदार्थसे उत्पन्न द्वीप।

প্রবাস सं—विदेशमें निवास; विदेश। প্রবাসী सं—विदेश-वासी। स्त्री—প্রবাসিনী।

প্রবাহ सं—स्रोत, अविच्छिन्न गति (বায়ু—, বিদ্যুৎ—)। (पद्यमें—প্রবাহিল)। প্রবাহিত (-अ) वि—प्रवाहयुक्त। প্রবাহী वि—बहनेवाला, प्रवहमाण। প্রবাহিণী स्त्री—नदी।

প্রবিষ্ট (-अ) वि—भीतर गत, घुसा हुआ।

প্রবীণ वि—वृद्ध, बहुदर्शी, अनुभवी। स्त्री—প্রবীণা।

প্রবীর सं—श्रेष्ठ वीर। [हुआ।

প্রবুদ্ধ (-अ) वि—ज्ञानप्राप्त; निद्रासे जगा

প্রবৃত্ত (-अ) वि—नियुक्त, संलग्न, उद्यत, रत, आरब्ध।

প্রবৃত্তি सं—स्पृहा, अभिरुचि, मनका झुकाव (কর্মে—, ভোগে—)। —হওয়া क्रि—इच्छा होना। —থাকা क्रि—प्रवृत्ति रहना। —মার্গ सं—काम्य कर्मका अनुष्ठान, सांसारिक विषयों या भोगोंका ग्रहण।

প্রবৃদ্ধ (-अ) वि—बहुत वृद्ध या वृद्धि-प्राप्त।

প্রবেশ सं—ভিতরে গমন भीतर जाना, घुसना, पैठना (গৃহে—করা); जानकारी (দুরূহ তত্ত্বে—করা)। (पद्यमें—প্রবেশিল)। প্রবেশক, প্রবেষ্টা वि—सं—प्रवेश करने या कराने वाला।

প্রবেশিকা सं—जिससे प्रवेश किया जाय, प्रवेश-पत्र, टिकट; विश्वविद्यालयमें प्रविष्ट होनेकी परीक्षा; प्राथमिक पुस्तक। প্রবেশিত (-अ) वि—जिसे प्रविष्ट कराया गया है।

প্রবেশ্য (-अ) वि—प्रवेश-योग्य।

প্রবোধ सं—সান্ত্বনা, আশ্বাস ढाढ़स, धीरज, दिलासा (শোকে—দেওয়া); ज्ञान, जागना।

প্রবোধন सं—ढाढ़स देना, ज्ञान देना, जागरित करना, उत्तेजित करना। প্রবোধিত (-अ) वि—जिसे दिलासा दिया गया है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

প্রব্রজ্যা सं—संन्यास, संन्यासी हो कर भ्रमण।

প্রভঞ্জন सं—झड़ आँधी, तूफान, वायु।

প্রভব सं—उत्पत्ति, जन्म, कारण, प्रभाव।

প্রভা सं—दीप्ति, चमक, उज्ज्वलता।

প্রভাকর सं—सूर्य्य सूर्य, दिवाकर।

প্রভাত सं—প্রাতঃ, সকাল सुबह, सवेरा। প্রভাতী, প্রভাতকালীন वि—सुबहका (—সংগীত)।

প্রভাব सं—शक्ति, सामर्थ्य, प्रभुत्व ; असर।

প্রভিন্ন वि विभिन्न, पृथक ; प्रकाशित।

প্রভু सं—মনিব मालिक, स्वामी, राजा, ईश्वर, महात्मा। [निकला हुआ।

প্রভূত (-अ) वि—प्रचुर, अत्यंत ; उत्पन्न,

প্রভৃতি अ—आदि इत्यादि, वगैरह।

প্রমা सं—निश्चय ज्ञान।

প্রমাই सं—পরমায়ু आयु।

প্রমাণ सं—सबूत, विश्वासका हेतु प्रदर्शन (—করা) ; परिमाण (পর্বত—) ; पूरी नापका (—ধুতি)। প্রমাণতঃ क्रि वि—प्रमाणके अनुसार। —পঞ্জী सं—किसी प्रसंगके प्रमाण स्वरूप ग्रंथोंकी सूची। —সই वि—पूरी नापका (—কাপড়, —গড়ন)। —সাপেক্ষ (-अ) वि—जिसका प्रमाण आवश्यक है। —সিদ্ধ (-अ) वि—प्रमाणसे सिद्ध। প্রমাতা सं—प्रमाण करनेवाला, ज्ञाता। প্রমাণিত (-अ), প্রমাণীকৃত (-अ) वि=প্রমাণসিদ্ধ।

প্রমাতামহ (-अ) सं—नानाका बाप, परनाना। প্রমাতামহী स्त्री—नानाकी माँ।

প্রমাদ सं—भ्रम, भ्रांति, विस्मृति।

প্রমিত (-अ) वि—प्रमाणित, ज्ञात, निश्चित। প্রমিতি सं—निश्चय ज्ञान। [मुखिया।

প্রমুখ प्रत्य—आदि, वगैरह। वि, सं—प्रधान ; প্রমুখাৎ क्रि वि—মুখ হইতে, জবানি मुखसे (ভৃত্য—শোনা)।

প্রমুদিত (-अ) वि—आनन्दित, हर्षित, प्रसन्न।

প্রমেয় (-अ) वि—प्रमाणित करने योग्य, अवधार्य, परिमेय। सं—प्रमाणित करने योग्य विषय। [बहुमूत्र रोग।

প্রমেহ (-अ) सं—धातुक्षय रोग, सूजाक ;

প্রমোদ सं—विलास, आमोद-प्रमोद (—কানন, —ভবন)। প্রমোদন सं—हर्ष उत्पादन। প্রমোদিত (-अ) वि—हर्षित, आनन्दित।

প্রযত (-अ) वि—संयत, नियमित, पवित्र।

প্রযত্ন (-अ) सं—प्रयास, चेष्टा, उद्यम।

প্রয়াগ सं—नदियोंका संगम-स्थान (দেব—, বিষ্ণু—) ; इलाहाबादमें गंगा और यमुना का संगम-स्थान, तीर्थराज।

প্রয়াণ सं—प्रस्थान, गमन, यात्रा। প্রয়াত (-अ) वि—प्रस्थित, गत।

প্রয়াস सं—प्रयत्न, परिश्रम। প্রয়াসী वि—प्रयत्नशील, अभिलाषी।

প্রযুক্ত (-अ) वि—प्रयोग किया हुआ, नियुक्त, सम्मिलित, उल्लिखित, अर्पित। क्रि वि—के कारण (অসুস্থতা—, रोगके कारण ; বিদ্বেষ—, द्वेषके कारण)।

প্রযোক্তা सं—प्रयोगकर्ता, प्रयोजक, अनुष्ठाता।

প্রয়োগ सं—व्यवहार, इस्तेमाल ; नियोग, उल्लेख, उदाहरण। [प्रेरक।

প্রয়োজক सं—प्रयोक्ता, संचालक, प्रवर्तक,

প্রয়োজন सं—দরকার आवश्यकता ; हेतु, कारण, प्रयोग करना, उद्देश्य। প্রয়োজনীয় (-अ) वि—দরকারী आवश्यकीय।

প্রয়োজ্য (-अ) वि—प्रयोग-योग्य।

প্ররোচক सं—प्रेरणा या उत्तेजना देनेवाला, उसकाने या उभाड़ने वाला। वि—उत्तेजक।

প্ররোচন, প্ররোচনা सं—प्रेरणा, उत्तेजना, उत्साहदान, नियोजन, प्रवर्तन। প্ররোচিত (-अ) वि—उत्तेजित, उसकाया हुआ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

প্ররোহ (-अ) सं—अंकुर, कली, कोंपल, कल्ला ; उगना, जमना।

প্রলপন सं—प्रलाप बकना।

প্রলম্ব (-अ) सं—लटको हुई वस्तु, डाली, टहनी ; माला। | लटकता हुआ।

প্রলম্বন सं—लटकना। প্রলম্বিত (-ज) वि—

প্রলয় सं—संसारका विनाश, कल्पान्त।

প্রলয়ংকর, (-ङ्कर) वि—प्रलयकारी, भयंकर। स्त्री—প্রলয়ংকরী, (-ङ्करी)।

প্রলাপ सं—व्यर्थकी बातें, निरर्थक वाक्य (—বকা, পাগলের—, জ্বরের—)।

প্রলীন वि—लयप्राप्त, तल्लीन, तन्मय।

প্রলুব্ধ (-अ) वि—बहुत लालची, लोभी ; लोभाकृष्ट।

প্রলেপ सं—लेप, उबटन (কাদার—, ঔষধের—, —দেওয়া, —মাখানো, —লাগানো)।

প্রলোভন सं—लोभ उत्पादन, लालच (অর্থের—) ; लोभजनक विषय (—হইতে দূরে থাকা)। প্রলোভিত (-अ) वि—प्रलोभनके वशीभूत, जो ललचाया गया है।

প্রশংসক सं, वि—प्रशंसा करनेवाला, सराहनेवाला। প্রশংসন सं—प्रशंसा करना।

প্রশংসনীয় (-अ) वि—प्रशंसाके योग्य।

প্রশংসিত (-अ) वि—प्रशंसा-प्राप्त। প্রশংসা सं—तारीफ, बड़ाई, गुण-वर्णन। প্রশংসার্হ (-अ) वि=প্রশংসনীয়।

প্রশমন सं—शान्त करना, निवारण, शान्ति (রোগের —)। প্রশমিত (-अ) वि—ह्रास-प्राप्त, शान्त, निवारित (জ্বর—হইয়াছে)।

প্রশস্ত (-अ) वि—उत्कृष्ट, श्रेष्ठ, योग्यतम (—কাল) ; प्रशंसनीय, उदार (—হৃদয়) ; चौड़ा (—রাস্তা) ; विशाल।

প্রশস্তি सं—प्रशंसा, स्तुति।

প্রশস্য (-अ) वि=প্রশংসনীয়।

প্রশাখা सं—छोटी शाखा, टहनी, डाली।

প্রশান্ত (-अ) वि—स्थिर, धीर, चंचलता-रहित (—চিত্ত, —মূর্তি, —মহাসাগর)।

প্রশিষ্য (-अ) सं—शिष्यका शिष्य।

প্রশ্ন (प्रश्न-अ) सं—प्रश्न, जिज्ञासा (—করা, प्रश्न पूछना)। —সমাধান सं—प्रश्नका उत्तर या मीमांसा। প্রশ্নোত্তর सं—प्रश्न और उत्तर।

প্রশ্রয় (प्रश्रय) सं—আশকারা, নাই बढ़ावा, सिर चढ़ाना, बच्चोंको उनकी प्रार्थित वस्तु दे दे कर उनकी आदत बिगाड़ना (—দেওয়া) ; सस्नेह व्यवहार ; नम्रता।

প্রশ্বাস सं—फेफड़ोंमें वायु ग्रहण।

প্রষ্টব্য (-अ, वि—जिज्ञास्य पूछने योग्य।

প্রষ্টা सं—पूछनेवाला।

প্রসক্ত (-अ) वि—आसक्त, अनुरक्त। প্রসক্তি सं—आसक्ति, अनुरक्ति, प्रेम, प्रसंगोपात्त विषय (অতি— सं—लक्षणका लक्ष्यसे बाहर भी गमन, अतिव्याप्ति।

প্রসঙ্গ (प्रसंग-अ) सं—प्रस्ताव, आलोच्य विषय, सम्बन्ध, वार्ता, आसक्ति, अध्याय, अवसर (কথা-প্রসঙ্গে)। —ক্রমে, প্রসঙ্গতঃ क्रि वि—प्रसंगक्रमसे, संयोगसे।

প্রসন্ন वि सन्तुष्ट, खुश, अनुकूल (—হওয়া, প্রভুকে—করা, —দৃষ্টি) ; शान्त और प्रफुल्ल ; निर्मल (—সলিলা নদী)।

প্রসব सं—जनन, गर्भविमोचन, जन्म, उत्पत्ति, बच्चा, सन्तान, फल, फूल। —করা क्रि—बच्चा जनना, ब्याना। —করান क्रि—बच्चा जनाना, प्रसव कराना। —হওয়া (—हुवा) क्रि—प्रसव होना। (ফল—করা क्रि—फल होना। আসন্ন-প্রসবা स्त्री—जिस स्त्री या

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्त्री-पशुको अभी बच्चा होनेवाला है)।
প্রসবিতা सं—जनयिता, पिता। स्त्री—
প্রসবিত্রী প্রসবিনী।   [फैलना।
প্রসর सं—विस्तार, फैलाव। প্রসরণ सं—
প্রসাদ सं—प्रसादी, पूज्य व्यक्तिका जूठा
प्रसाद; प्रसन्नता; अनुग्रह; (মহা— सं—
देवीको चढ़ाया हुआ मांस प्रसाद)। প্রসাদাৎ
क्रि वि—अनुग्रहके फल-स्वरूप।

প্রসাধন सं—शरीरकी शोभा सम्पादन, वस्त्र
आभुषण आदि; सम्पादन। প্রসাধক वि, सं—
सजानेवाला। প্রসাধনী सं—চিরুনি, কাঁকুই
कंघी; सजानेकी सामग्री। প্রসাধিত (-अ)
वि—सजा-सजाया; सम्पादित।

প্রসার सं—विस्तार, फैलाव, पसार, संचार,
गमन। প্রসারণ सं—विस्तार करना,
फैलाना, पसारना, बढ़ाना (হস্ত—করা, हाथ
फैलाना या पसारना); प्रचार करना।
প্রসারিত (-अ) वि—फैलाया हुआ, पसारा
हुआ। প্রসারী वि फैलानेवाला; व्यापक,
विस्तृत (দূর—)। প্রসার্য (-अ) वि—
फैलाने योग्य। প্রসার্যমাণ वि—जो फैल
रहा है।

প্রসিদ্ধ (-अ) वि—विख्यात, मशहूर, नामी,
बहुजन-बिदित। প্রসিদ্ধি सं—ख्याति,
शोहरत; जनश्रुति (লোক—)।

প্রসুপ্ত (-अ) वि—निद्रित सोया हुआ।

প্রসূ वि, सं—जननेवाली, माता (রত্ন—)।
প্রসূত (-अ) वि—उत्पन्न, प्रसव किया हुआ।
প্রসূতা स्त्री—जच्चा; उत्पन्न कन्या। প্রসূতি
स्त्री—जच्चा, जननी।

প্রসূন सं—फूल फूल, कुसुम।

প্রসৃত (प्रसृत-अ) वि—फैला हुआ, विस्तृत।

প্রস্তর (प्रस्तर) सं—পাথর पत्थर। প্রস্তরীভূত
(-अ) वि—पत्थरमें परिणत।

প্রস্তুত वि—तयार, उद्यत; बना हुआ।
প্রস্তুতি सं—तैयार करनेकी क्रिया, निर्माण।

প্রস্থ (प्रस्थ-अ) सं—চওড়ার মাপ अर्ज चौड़ाई,
विस्तार, फैलाव।

প্রস্থ, প্রস্ত (-अ) सं—থানা, টা अदद, मद;
एक तरह की वस्तुओंका समूह (এক—
বিছানা)।   [প্রস্থিত (-अ) वि गत।

প্রস্থান (प्रस्थान) सं—गमन, यात्रा, प्रस्थान

প্রস্ফুট, প্রস্ফুটিত (प्रस्फुटित-अ) वि—खिला
हुआ (—কুসুম)।

প্রস্ফুরণ सं—स्पंदन, कंपन।

প্রস্রবণ (प्रस्रवन) सं—ঝর্ণা झरना, सोता,
फुहारा; क्षरण।   [मूत्रत्याग (—করা)।

প্রস্রাব सं—पेशाब, मूत्र; पेशाब करना,

প্রহত (-अ) वि—आघात-प्राप्त, चोट
खाया हुआ, बाधा-प्राप्त।

প্রহর सं—पहर, तीन घंटेका समय। [प्रहार।

প্রহরণ सं—अस्त्र-शस्त्र, आयुध, हथियार;

প্রহরী सं—पहरेदार। स्त्री— প্রহরিণী।

প্রহসন सं—हास्य-रसात्मक नाटक, दिल्लगी।

প্রহৃত (-अ) वि—प्रहार खाया हुआ, घायल।

প্রহেলিকা सं—হেঁয়ালি पहेली, समस्या।

প্রাকার सं—প্রাচীর चहार-दीवारी।

প্রাকৃত (-अ) वि—प्राकृतिक; गँवार। सं—एक
प्राचीन भाषा।   [নমস্কার—)।

প্রাক্কাল सं—पहलेका समय, पूर्वकाल

প্রাক্তন वि—पूर्व जन्मका; पहलेके समयका।
सं—अदृष्ट, भाग्य, नसीब।

প্রাখর্য (-अ) सं—প্রখরতা तीव्रता।

প্রাগুক্ত (-अ) वि—पूर्व-कथित।

প্রাগৈতিহাসিক वि—जिस समय तकका
इतिहास जाना गया है उससे पूर्व युगका।

প্রাঙ্গণ सं—উঠান आँगन, सहन।

প্রাঙ্মুখ वि—पूर्वमुखी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

প্রাচী सं—पूर्व दिशा।

প্রাচীন वि—সেকেলে पुराने जमानेका ; वृद्ध।

প্রাচীর सं—পাঁচিল दीवार।

প্রাচুর্য (-अ) सं—अधिकता, बहुतायत।

প্রাচ্য (-अ) वि—पूर्वदेशीय, एशिया भारत या चीन आदि देश सम्बन्धी (—সভ্যতা, —দর্শন)।

প্রাঞ্জল वि—সরল सहज, सुगम।

প্রাঞ্জলি वि—জোড়হাত बद्धांजलि।

প্রাণ सं—পরাণ प्राण, साँस, जीवन। —গতিক वि—जीविका सम्बन्धी, शरीरका। —পণে क्रि वि—जी जानसे। —প্রতিম वि—प्राणतुल्य। —প্রতিষ্ঠা सं—मूर्तिमें मंत्र द्वारा प्राणोंकी स्थापना। —বঁধু सं—प्राणोंके समान प्रिय मित्र। —যাত্রা सं—जीविका-निर्वाह। —সংশয় सं—प्राण नाशकी शंका। প্রাণাত্যয় सं—मृत्यु। প্রাণান্ত (-अ) स—मृत्यु (—কর)। প্রাণান্ত-পরিচ্ছেদ सं—अत्यंत अधिक परिश्रम या कष्ट। প্রাণেশ, প্রাণেশ্বর सं—प्राणपति, स्वामी ; पति या प्रणयीका सम्बोधन।

প্রাণায়াম सं—साँस ग्रहण धारण और त्याग।

প্রাতঃ सं—প্রভাত, সকাল सवेरा। —কাল सं—সকাল বেলা सुबह। —কালীন वि—सुबहका। —কৃত্য (-अ) सं—सुबहके करने योग्य नित्य कर्म ; शौच संध्या-वंदन आदि। —প্রণাম सं—सुबहका प्रणाम। প্রাতরাশ, প্রাতর্ভোজন सं—सुबहका भोजन, कलेवा।

প্রাতিকূল্য (-अ) सं—विरुद्धाचरण, शत्रुता, [दुश्मनी।

প্রাতিভাসিক वि—सत्य न होकर भी सत्य-सा प्रतीत होने वाला (—জগৎ)।

প্রাত্যহিক वि—प्रतिदिनका। [(—শিক্ষা)।

প্রাথমিক वि—আদ্য आरम्भकालीन, प्रारम्भिक

প্রাদুর্ভাব सं—आविर्भाव, प्रकट होना, प्रथम प्रकाश, उत्पत्ति ; बहुल उद्भव (মশার—)।

প্রাদুর্ভূত (-अ) वि—आविर्भूत, प्रकट ; उत्पन्न।

প্রাদেশিক वि—प्रदेश-सम्बन्धी (—ভাষা)।

প্রাদেশিকতা सं—प्रान्तीयता, एकही भाषाका विभिन्न-प्रदेश-जात विकार।

প্রাধান্য (-अ) सं—श्रेष्ठता, मुख्यता, प्रधानता (—দেওয়া) ; नेतृत्व, प्रभाव।

প্রান্ত (-अ) सं—अन्त, सीमा, किनारा, सिरा, प्रदेश (সীমা—)। —বর্তী वि—प्रान्तस्थ।

প্রান্তর सं—वृक्षरहित विशाल मदान।

প্রাপণ सं—পাওয়ানো प्राप्त कराना, दिलाना।

প্রাপক वि—प्राप्त करानेवाला।

প্রাপ্ত (-अ) वि—লব্ধ पाया हुआ। —কাল सं—उचित समय। वि—मुमुर्षु। —বয়স্ক (-अ) वि, सं—সাবালক बालिग। —যৌবন वि, सं—जवान, युवक। स्त्री—প্রাপ্ত-যৌবনা।

প্রাবরণ सं—आवरण-वस्त्र, ओढ़ना, चादर।

প্রাবল্য (-अ) सं प्रबलता, शक्तिकी अधिकता।

প্রাবৃট্ सं—वर्षाऋतु। প্রাবৃষ (-अ) वि—[वर्षाऋतुका।

প্রাভাতিক वि—सुबहका।

প্রামাণিক वि—प्रमाण-सिद्ध, विश्वास-योग्य ; प्रधान, मुखिया। सं—समाजपति ; एक उपाधि।

প্রায় वि—सदृश, तुल्य, समान, बराबर, लगभग, कुछ कम (—দশ হাত, —শেষ হয়েছে)। सं—मृत्युकामनासे उपवास (প্রায়োপবেশন)। [अधिकांश स्थलोंमें।

প্রায়, প্রায়ঃ, প্রায়শঃ क्रि वि—अकसर,

প্রায়শ্চিত্ত (-अ) सं—पाप-क्षालनके लिए कठोर तप या ... , दण्ड, हरजाना।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

প্রান্তিক वि—साधारण, लगभग, प्राय या बहुधा होनेवाला।

প্রায়োদ্বীপ सं—उपद्वीप तीन ओर पानीसे घिरा हुआ स्थल-भाग।

প্রায়োপবেশন सं—एक व्रत जिसमें भोजन छोड़कर मृत्युकी प्रतीक्षामें बैठे रहते हैं।

প্রারব্ধ (-अ) सं—अदृष्ट भाग्य, किस्मत फलोन्मुख पापपुण्य-संस्कार। वि—जिसका आरम्भ हो गया है। প্রারম্ভ (-अ) सं—आरम्भ।

প্রার্থক सं, वि—प्रार्थी, याचक।

প্রার্থন सं—प्रार्थना करना, याचना। প্রার্থনা सं—याचना, आवेदन, विनती। প্রার্থনীয় (-अ), প্রার্থয়িতব্য (-अ) वि—प्रार्थना के योग्य। প্রার্থয়িতা, প্রার্থী सं—प्रार्थी, याचक। প্রার্থিত (-अ) वि—याचित, जिस विषयके लिए प्रार्थना की गयी हो, वांछित।

প্রাশন सं—भोजन (অন্ন—)।

প্রাশস্ত্য (-अ) सं—प्रशस्तता, श्रेष्ठता; फलाव। [मीमांसक।

প্রাশ্নিক (प्रास्निक) सं—प्रश्न पूछनेवाला;

প্রাসাদ सं—हर्म्य इमारत, महल।

প্রাহরিক वि—प्रहर-सम्बन्धी। [पूर्वाह्न।

প্রাহ্ন (-अ) सं—दुपहरके पूर्वका समय,

প্রিয় (-अ) वि—ভালবাসার যোগ্য प्रिय, प्यारा। स्त्री—প্রিয়া (संबोधनमें—প্রিয়ে)। —চিকীর্ষা सं—प्रिय कार्य करनेकी इच्छा, शुभ कामना। —চিকীর্ষু वि—शुभेच्छु। —ভাষী वि—प्रिय वचन बोलने वाला।

প্রীণন सं—प्रीति सम्पादन, हर्षित करना।

প্রীত (-अ) वि—सन्तुष्ट, आनन्दित, हर्षित, खुश। প্রীতি सं—सन्तोष, आनन्द, हर्ष, खुशी; प्यार, प्रेम

প্রীতিভোজ, (-ভোজন) सं—आनन्दके लिए भोज, खुशीकी दावत।

প্রীয়মাণ वि—प्रीतिका अनुभव करने वाला।

প্রেক্ষক वि, सं—दर्शक, निरीक्षक।

প্রেক্ষণ सं—दर्शन, दृष्टि, चक्षु। প্রেক্ষিত (-अ) वि—दृष्ट, देखा हुआ। প্রেক্ষণীয় (-अ) वि—दर्शनीय, देखने योग्य।

প্রেক্ষা सं—दर्शन, निरीक्षण, चर्चा, अभिनय नृत्यादिका देखना। প্রেক্ষাগার, প্রেক্ষাগৃহ (-अ) सं—रंगालय, नाट्यशाला, मानमन्दिर, वेधशाला observatory. [প্রেতিনী।

প্রেত सं—भूत, पिशाच, मृतक प्राणी। स्त्री—

প্রেপ্সু वि—पानेका इच्छुक।

প্রেম सं—ভালবাসা प्रणय, प्रीति, अनुराग, प्यार, मुहब्बत (প্রেমালাপ, প্রেমাশ্রু)। প্রেমিক सं—प्रेमी। स्त्री—প্রেমিকা।

প্রেয় (-अ) वि—वांछित, प्रिय।

প্রেয়সী स्त्री—प्रियतमा, प्रेमिका।

প্রেরক वि—भेजनेवाला, प्रेरण करनेवाला।

প্রেরণ सं—भेजना, नियोग। প্রেরণা सं—नियोग, प्रवृत्ति शक्ति प्रतिभा आदिका संचार (—পাওয়া, —দেওয়া)। প্রেরিত (-अ) वि—भेजा हुआ, प्रेषित, प्रेरणा-प्राप्त।

প্রেষক वि—प्ररक, भेजनेवाला।

প্রেষণ सं—प्रेरण, भजना। প্রেষণা सं—प्ररणा। প্রেষিত (-अ) वि—प्रेरित, नियोजित।

প্রেষ্য (-अ) वि—भेजने योग्य। सं—भृत्य, नौकर।

প্রোক্ত (-अ) वि—पूर्वकथित।

প্রোথিত (-अ) वि—गाड़ा हुआ।

প্রোষিত (-अ) वि—विदेश गया हुआ। —ভর্তৃকা स्त्री—जिस स्त्रीका पति विदेश गया हुआ है।

প্রৌঢ় (प्रउढ़-अ) वि—आधावयसी अधेड़।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

প্লব (-अ) सं—ভেলা वेड़ा ; तैरना। —মান वि—जो तैर रहा हो।

প্লাবন सं—जलका बहाव, बाढ़ ; तैराना। প্লাবক सं, वि—प्लावित करने वाला। প্লাবিত (-अ) वि—जलमें डूबा हुआ। প্লাবিতা सं—जल पर तैरानेकी शक्ति। প্লাবী वि—प्लावित करनेवाला (कूल—)।

প্লিহা, প্লীহা सं—तिल्ली, तिल्लीकी वृद्धि।

প্লুত (-अ) सं—तीन मात्राओंका स्वर (रोने गाने पुकारनेमें)। —গতি सं—उछल कर चलना। वि—उछल कर चलने वाला।

প্লেগ सं—एक संक्रामक रोग plague.

প্লেন वि—कोरा, सादा, जो नक्काशीदार न हो, समथल plain. सं—हवाई जहाज plane.

প্ল্যাটফর্ম सं—प्लैटफार्म, रेल स्टेशनका चबूतरा, मंच platform.

ফ

ফইজত, (-ৎ) सं—फटकार, झगड़ा, फजीहत।

ফকির सं—फकीर। ফকিরি सं—फकीरी। ফকিরী वि—फकीरका, फकीर-सा।

ফক্কড় वि, सं—বাচাল, फाजिल बकवादी ; धोखेबाज। ফক্কুড়ি स —ফাজলামি बकवाद।

ফক্কা वि—कुछ भी नहीं, खाली।

ফক্কিকা सं—फाँकि कूट प्रश्न, पहेली।

ফচকে वि—বাচাল बकवादी। ফচকেমি सं—বাচালতা बकवाद।

ফজলি सं—एक प्रकारका आम।

ফট् सं—फटनेका शब्द।

ফটক, ফাটক सं—फाटक। ফাটক सं—कारागार जेलखाना, कैद। [जुआ।

ফটকা सं—बिकनेवाली चीजोंके भाव पर

ফটকিরি स—फिटकिरी।

ফটিক वि—स्वच्छ निर्मल, पारदर्शक (—জল) सं—स्फटिक। [कथन।

ফড়ফড় सं—कपड़ेके फटनेका शब्द ; लगातार

ফড়িং सं—পতঙ্গ फतिंगा।

ফড়িয়া, ফড়ে सं—दलाल जो थोक माल खरीद कर फुटकर बेचता है ; फेरीवाला।

ফণা, ফণ सं—फन। ফণী सं—साँप। स्त्री—ফণিনী।

ফতুয়া सं—फतूही, छोटा कुर्ता।

ফতুর वि—निःस्व जिसकी सारी सम्पत्ति या पूंजी नष्ट हो गयी है।

ফতে सं—जय, फतह ; सिद्धि।

ফতোয়া सं—फतवा।

ফন্দি सं—फंद, छल, धोखा, कूट कौशल। —বাজ वि—छलिया, धोखेबाज, कुचक्री।

ফপরদালাল सं—जो बिना बुलाये किसी काममें दखल देता है या अपनेको कर्ता जतानेके लिए बातें करता है। ফপরদালালি सं—वैसा काम।

ফয়তা सं—मुसलमानी उपासना।

ফয়সালা सं—फैसला, राय। [दूर।

ফরক सं—फर्क, भेद। वि—भिन्न, पृथक,

ফরকান (-नो), ফরকানো (क्रि परि १६)—फाँक करा अलग करना (পা—)।

ফরফর सं—पतली चीजोंके हिलनेका शब्द।

ফরমান सं—बादशाह या नवाबका आज्ञापत्र, फरमान। [फरमाइश करना।

ফরমান (-नो), ফরমানো (क्रि परि १६)—

ফরমাশ सं—फरमाइश, आज्ञा। ফরমাশী वि—फरमाइशी।

ফরসা, (-শা) वि—गोरा, गौर (গায়ের রং—); साफ (আকাশ—হওয়া); खतम, समाप्त (কাজ—)।

ফরসি, ফুরসি सं—গুড়গুড়ি फरशी।

ফরাশ सं—फर्श, बिछौनेकी चादर ; नौकर जो

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बिछौना बिछाना बत्ती जलाना आदि काम करता है। [वि—फरांसीसी।

फरासी सं—फांस देशका आदमी या भाषा।

फरियाद सं—फर्याद, नालिश, अभियोग।

फरियादी सं—फर्यादी, मुद्दई, वादी।

फर्द (-अ) सं—तालिका फिहरिस्त ; फर्द।

फर्मा सं—पुस्तकके जितने पृष्ठ एक बारमें छपते हैं ; फरमा।

फल सं—फल (गाछे—धरा, —पाड़ा) ; परिणाम (पापेर—) ; हिसाब लगानेसे जो संख्या मिलती है (भाग—) ; उपकार, फायदा (ঔষধে—হওয়া) ; वाण भाला छुरी आदिका फल। —कथा सं—अंतिम बात, सारांश। —दर्शी वि, सं—परिणाम देखनेवाला। फलन्त (-अ) वि—फल लगा हुआ, फलदार। —प्रद (-अ), —प्रसू वि—फल देनेवाला, उपकारक।

फलक सं—वाण आदिका फल, पत्तर (তাম্র—) ; ढाल। [सरमें।

फलतः क्रि वि—फलस्वरूप, इस लिए, मुख्त-

फलद (-अ) वि—फल देनेवाला।

फलन सं—फलकी पैदाइश, घटनाका घटना या सत्य होना, फल होना या मिलना।

फलना वि =फलाना।

फलन्त (-अ) वि—फला हुआ, फल देनेवाला।

फलश्रुति सं—किसी पुण्य कार्यके करनेसे जो फल होता है उसका विवरण या उसका श्रवण, अत्यधिक प्रशंसा-वाक्य।

फलसा (फल्शा) सं—एक खटमिट्ठा छोटा फल, फालसा।

फला सं—फलक वाण आदिका फल ; संयुक्त वर्णका अंतिम अक्षर (ব फला ্ব, র फला ্র, म फला ্ম, न फला ্ন, ल फला ্ল)।

फला (क्रि परि १) —फल होना, सत्य होना।

वि—फलदार (দো—सालमें दो बार फल देने वाला)।

फलाओ वि—फैलाया हुआ।

फलाकाङ्क्षा सं—कृत कर्मके फलकी आशा।

फलागम सं—फलकी उत्पत्ति या उसका मौसिम।

फलान (-नो), फलानो (क्रि परि १०)—फल पैदा करना अपनी योग्यता बढ़ा कर दिखाना (বিদ্যা—)।

फलाना वि—अमुक, फलाँ, फलाना।

फलाफल सं—कर्मका भला या बुरा फल।

फलार सं—च्युड़ा दही मिठाई आदिका भोजन।

फलारे वि—वैसा भोजन जिसको प्रिय है (—बामून)।

फलित (-अ) वि—फला हुआ, फलदार, सफल (জ্যোতিষগণনা—হওয়া)।

फले क्रि वि—फलस्वरूप, परिणामतः।

फलोदय सं—फलका उदय।

फलोन्मुख (फलोन्मुख) वि—जो शीघ्र फल देगा, फल देनेमें उद्यत।

फष्टिनष्टि सं—फाजलामि हंसी-दिल्लगी, मजाक।

फस् (-अ) अ—एकाएक, अचानक, तुरंत। सं—दियासलाई जलानेकी तरह शब्द।

फसका (फस्का) वि—आलगा ढीला (—গেরো)।

फसकान (-नो), फसकानो (क्रि परि १६) —फिसलना, हाथसे निकल जाना।

फसफरस सं—फासफोरस नामका मौलिक तत्त्व (दियासलाई बनानेमें लगता है)।

फसल सं—खेतकी उपज, फसल। फसली वि—फसल सम्बन्धी। सं—अकबरका चलाया हुआ संवत। [फरमाइश।

फाइफरमाश सं—छोटी मोटी चीजोंकी

फाओ, फाउ सं—घलुआ।

फाँक सं—फासला, अंतर, दूरी, खुला हिस्सा,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

खाली स्थान, अवकाश। वि—पृथक, अलग, खाली। —তাল सं—अचानक पाया हुआ मौका (ফাঁকতালে কিছু পাওয়া)। —ফাঁক वि—তফাত তফাত अलग अलग, दूर दूर (—ক'রে সাজান)।

ফাঁকা वि—खुला, उन्मुक्त, खाली; फजूल। सं—खुला स्थान। —ফাঁকা वि—प्राय खाली (—ঠেকছে)।

ফাঁকি सं—कर्तव्यकी अवहेलना और उसे छिपानेकी चेष्टा (কাজে—দেওয়া); धोखा, कूट प्रश्न, पहेली। —বাজ वि—धोखेबाज, कर्तव्य पूरा न करनेवाला।

ফাগ सं—আবীর अबीर।

ফাগুন सं=फाल्गुन।

ফাজিল वि—বাচাল बकवादी, बातूनी; अतिरिक्त, फाजिल, जमासे अधिक खर्च।

ফাজলামি सं—वाचालता बकवाद।

ফাট सं—विदारण, चिड़ दरार।

ফাটক सं=फटक।

ফাটল सं—दरार।

ফাটা (क्रि परि ३)—चिड़ थाওয়া फटना।

ফাটান (-नो), ফাটানো (क्रि परि १०)—फाड़ा, চেরান फटवाना, फड़ाना। वि—फाड़ा हुआ।

ফাটাফাটি सं—आपसमें तोड़फोड़ (মাথা—)।

ফাড়া (क्रि परि ३)—छेंड़ा फाड़ना, चीरना।

ফাঁড়া सं—ज्योतिषके द्वारा निर्धारित मृत्यु-योग या विपत्तिकी संभावना (—কাটানো)।

ফাঁড়ি सं—घाटि, थाना पुलिसकी चौकी।

ফাতনা (फात्ना) सं—मछली पकड़नेकी बंसीकी डोरीमें बँधी हुई हलकी लकड़ी या सोले का टुकड़ा जा जल पर तैरता रहता है। (বড় ফাঁদের চুড়ি)।

ফাঁদ सं—फंदा; वृत्तके व्यासका फासला

ফাঁদা (क्रि परि ३)—फैलाना (ব্যবসা—)।

ফাঁদালো वि—बड़ा मुँह या घेरा वाला (—হাঁড়ি)।

ফানুস सं—फानूस।

ফাঁপর सं—संकट, विपत्ति, भौचक्कापन।

ফাঁপা (क्रि परि ३)—फूलना, हवा भर जाना, समृद्ध होना (ব্যবসায়—)। वि—पोला।

ফাঁপান (-नो), ফাঁপানো (क्रि परि १०)—फुलाना; हवा भरना। वि—फूला हुआ।

ফায়দা सं—नफा, फायदा।

ফারখত सं—त्याग-पत्र, चुकती।

ফারসী सं—फारसी।

ফাল सं—हलका फाल।

ফালতো वि—फालतू, अतिरिक्त।

ফালা, ফাল सं—लंबा टुकड़ा, फाँक।

ফালাও वि—फैलाया हुआ।

ফালি सं—कतरा, लंबा पतला टुकड़ा।

ফাল্গুন सं—फाल्गुन मास।

ফাঁস सं—रस्सीका फंदा या गांठ जो आसानीसे ढीला किया या कसा जा सकता है।

ফাঁস वि—আলগা ढीला; भंडाफोड़।

ফাঁসা (क्रि परि ३)—खुल कर गिरना, धसना (ঝুড়ির তলা—, হাঁড়ি—); बिगड़ जाना, नष्ट होना (মতলব ফেঁসে গেল)।

ফাঁসান (-नो), ফাঁসানো (क्रि परि १०)—बिगाड़ना, नष्ट करना, विपत्तिमें डालना।

ফাঁসি सं—উদ্বন্ধন फाँसी; रस्सीका फंदा।

ফি वि—फी, प्रत्येक।

ফিক सं—टीस; मुसकराहट (—করে হাসা)।

ফিকা, ফিকে वि—ফেকাশে फीका, पीला।

ফিকির सं—ফন্দি मतलब, उपाय, कौशल, तदबीर।

ফিঙ্গা, ফিঙা, ফিঙে सं—एक चिड़िया; गुलेल।

ফিচেল वि—ফন্দিবাজ धूर्त।

ফিট वि—মাপসই ठीक, बराबर fit. सं—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मूर्छा. वेहोशी। —फाट वि—सजा हुआ, बना-ठना।

ফিটন, ফিটিন सं—एक चार पहियेवाली घोड़ा गाड़ी (इसका ढक्कन खोल सकते हैं)।

ফিতা, ফিতে सं—फीता।

ফিনকি सं—स्फुलिङ्ग चिनगारी; तेज पतली धारा (—দিয়ে রক্ত ছোটা)।

ফিনফিন सं—पतलापन। ফিনফিনে वि—पतला (—ধুতি)।

ফিনিক सं—प्रभा, ज्योति।

ফিরত, ফেরত सं—प्रत्यर्पण वापस। वि—वापस किया हुआ, लौट आया हुआ (বিলাত—); लौटता हुआ (—ডাক)।

ফিরতি सं—वापसी। क्रि वि—लौटते समय।

ফিরা, ফেরা (क्रि परि ५)—लौट आना, अभिमुख होना, घूमकर देखना; घूमना; बदलना (কপাল—, চেহারা বা শরীর—, अच्छा होना); टहलना।

ফিরান (-नो), ফিরনো, ফেরানো (क्रि·परि ११)—ফেরত দেওয়া वापस करना, लौटा देना (কাপড়—); प्रार्थना न सुनकर वापस करना (ভিখারী—); लौटा लाना; बदलना (হুঁকার জল—); फिरसे लगाना (ঘরে চূন—)। [বদল हेराफेरी।

ফিরাফিরি, (ফেরা—) सं—বারংবার ফেরত বা

ফিরিঙ্গী सं—फिरंगी, गोरा।

ফিরিস্তা सं—फर्द फिहरिस्त।

ফিরে क्रि वि—पुनः, फिर (—বার)।

ফিরোজা सं—फीरोजा; फीरोजी रंग।

ফিসফিস सं—फुसफुसाहट।

ফী सं—दर्शनी पारिश्रमिक, फीज (ডাক্তারের—); वेतन (স্কুলের—; कर (কোর্ট—)।

ফুঁং सं—फूत्कार फूंक।

ফুক क्रि वि—फूंककी तरह शीघ्र।

ফুঁক सं—फूत्कार फूँक (ঝাড়—)।

ফুকর, ফোকর सं—छिद्र छेद, सुराख, खाना।

ফুকরান (-नो), ফুকরানো (क्रि परि १८)—पुकारना, चिल्लाकर बोलना; चिल्लाना।

ফুকো, ফুকো वि—फूँकसे बनाया हुआ, पोला, हलका (—শিশি)। सं—फूंका।

ফুঁকা, ফোঁকা (क्रि परि ६)—फूंकसे उड़ाना; फजल खर्चा करना; फँकना।

ফুঙ্গী सं—बौद्ध संन्यासी।

ফুচকে (फुचके) वि—पूचके छोटा, नन्हा।

ফুট सं—१२ इंचकी नाप, फुट।

ফুট सं—उबलनेकी हालत (জলে—ধরা)। —কলাই सं—कुछ भूना हुआ मटर उर्द आदि।

